अवधि के दौरान निरक्षरता दर में काफी कमी होने की सम्भावना है ।

मोतियाबिन्द के कारण अन्धता

1442. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में मोतियाबिन्द के कारण आंखों की रोशनी खो देने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है, गत तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष आंखों के कितने आपरेशन किये जाते हैं, पिछले वर्ष आंखों के कितने आपरेशन किए गए थे और उनमें से कितनों को आंखों की रोशनी वापस मिल गई थी तथा कितनों की आंखों की रोशनी इस आपरेशन के कारण चली गई थी ; और

(ख) अंधता को रोकने के लिए बनाई गई योजना का ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा 1971 73 में किए गये एक सर्वेक्षण के अनुसार देश में अनुमानित कुल 90 लाख दृष्टिहीन व्यक्तियों में मोतियाबिन्द के कारण दृष्टि-हीन हुए व्यक्तियों की संख्या लगभग 55 प्रतिशत बैठती है । पिछले तीन वर्षों के दौरान किए गये आपरेशनों की संख्या नीचे दी गई है :—

1983–84 . . .	10.69 लाख
1984–85 . . .	11.34 लाख
1985–86 . . .	11.39 लाख

उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार 1985 में मोतियाबिन्द के आपरेशनों के बाद बिहार में तीन व्यक्तियों ने नेत्रों की रोशनी खो दी ।

(ख) राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम 1976 में शुरू किया गया था । निम्नलिखित उपाय सोचे गये हैं :—

1. नेत्र शिविरों का आयोजनकरके ग्रामीण क्षेत्र-केन्द्रित उपाय करना ।

2. स्वास्थ्य सम्बन्धी शिक्षा देने के उपायों को तेज करने के साथ-साथ चरणबद्ध ढंग से परिधीय, मामले तथा केन्द्रीय स्तरों पर नेत्र परिचर्या सेवाओं का विकास करना । छठी योजना के अन्त तक 80 केन्द्रीय तथा 30 जिला मोबाइल यूनिटें चालू करने के अलावा 2000 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 404 जिला अस्पतालों तथा 60 मेडीकल कालेजों में यह कार्यक्रम शुरू किया जा चुका है ।

Financial assistance for AIDS to Tamil Nadu

1443. SHRI M. VINCENT: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state;

(a) whether Government have created any separate agency on the lines of I.C.M.R. to investigate and confirm suspected cases of AIDS; and

(b) if so, the number of confirmed AIDS patients who are under surveillance and what provisions have been made by Government of Tamil Nadu State by way of financial and technical assistance to make such investigations?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH (KUMARI SAROJ KHAPARDE); (a) The Government have not created any separate agency on the lines of Indian Counci] of Medical Research to investigate and confirm suspected cases of AIDS. However, 12 diagnostic centres for detection of AIDS have been set up, In addition. 4 referral centres have also been established where higher level diagnostic facilities for AIDS are available.

(b) Upto 15-7-86, 19 confirmed cases of AIDS infection have been detected in the country as under:—

Andhra Pradesh] ...	1
TamilNadu	t.5
Kerala.....	i
Maharashtra	2